कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर।
(सी० एच० एरिया रोड नं० 1, जमशेदपुर–831001)
दूरभाष संख्या– 0657–2231017, फैक्स–0657–2231017, ई–मेल– dfo-jamshedpur@gov.in

जहाँ है हरियाली वहाँ है खुशहाली

पत्रांकः 1634 / जमशेदपुर दिनांकः 24/06/2020

सेवा में,

श्री विनोद शर्मा,
विमानपत्तन निदेशक,
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,
बिरसामुण्डा विमानपत्तन, राँची।

विषय :– धालभूमगढ़ हवाई अड्डा के विकास हेतु 99.256 हे० वनभूमि अपयोजन का पुनरीक्षित प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :– प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 265 दिनांक 09.04.2020

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र (छायाप्रति संलग्न) के संदर्भ में सूचित करना है कि प्रस्ताव के अवलोकनोपरान्त एवं जाँचोपरान्त निम्न त्रुटियां पायी गयी है जिनका निराकरण आवश्यक है:–

1. प्रस्ताव के संबंध में पर्यावरणीय स्वीकृति प्रमाण पत्र की प्रति समर्पित किया जाय।
2. प्रस्ताव से संबंधित वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत उपायुक्त का प्रमाण पत्र एवं ग्राम सभा की कार्यवाही की प्रति समर्पित किया जाय।
3. अपयोजन हेतु प्रस्तावित वनभूमि में सम्मिलित मौजा का थाना एवं थाना संख्या अंकित कर विवरणी समर्पित किया जाय।
4. प्रस्ताव में समर्पित क्षतिपूरक वनरोपण हेतु चयनित अवकृष्ट वनभूमि में कई त्रुटियों पायी गयी है। अतः पुनः प्रस्ताव हेतु आवश्यक उपयुक्त अवकृष्ट वनभूमि चयनित कर डी०जी०पी०एस० सर्वे कर प्रस्तावित अवकृष्ट वनभूमि का KML File एवं Polygon समर्पित किया जाय।

अतः अनुरोध है कि उक्त त्रुटियों का निराकरण कर वांछित अभिलेख समर्पित किया जाय, जिससे कि प्रस्ताव के संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन,

अनुलग्नक – यथोक्त।

वन प्रमंडल पदाधिकारी
जमशेदपुर वन प्रमंडल
जमशेदपुर।
24/06/2020

F:\Sale-Section2\Application_2011-13\Airport rltd to Captan Binod Sharma 26.06.2020.doc

# कार्यालय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखंड, राँची।

वन भवन, डोरण्डा, राँची, झारखंड, पिन–834002, Email-pccf-ednodal@gov.in

पत्रांक– 265 राँची, दिनांक - 09.4.2020

सेवा में,

वन संरक्षक
प्रादेशिक अंचल, जमशेदपुर।

विषय :– धालभूमगढ़ हवाई अड्डा के विकास हेतु 99.256 हे0 वनभूमि अपयोजन का पुनरीक्षित प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :– आपका पत्रांक 196 दिनांक 07.02.2020

वन संरक्षक
पत्रांक 1162
दिनांक 12-06-2020
प्रादेशिक अंचल, जमशेदपुर

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा धालभूमगढ़ हवाई अड्डा के विकास हेतु 99.256 हे0 वनभूमि अपयोजन का पुनरीक्षित प्रस्ताव संख्या FP/JH/Others/41404/2019 ऑनलाईन तथा Hard Copy में इस कार्यालय को 05–05 प्रतियाँ प्राप्त हुआ है। प्राप्त प्रस्ताव के अवलोकनोपरान्त एवं जाँचोंपरान्त, निम्नलिखित त्रुटियाँ पायी गयी है, जो निम्नवत् है :–

1. Cost-Benefit Analysis Report में NPV 0.7 Density से अधिक भरकर गणना की गई है जबकि DFO के Part-II में Density 0.7 अंकित है। अतएव इसमें सुधार अपेक्षित है।

2. वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर द्वारा प्रस्ताव के साथ संलग्न कर समर्पित किए गए Part-II ऑफलाईन एवं भरे गए ऑनलाईन Part-II के क्रमांक 13 " Specific Recommendation of DFO" में अंकित टिप्पणी विरोधात्मक है।

3. वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर द्वारा भरे गए Part-II ऑफलाईन में Rare/Endangered/Unique Species के नाम का उल्लेख किया गया है किन्तु Online Part-II में क्रमांक 8(V) में "Yes" अंकित है परन्तु Details उल्लेखित नहीं है।

4. प्रस्ताव के साथ पर्यावरणीय स्वीकृति संलग्न नहीं है। प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए आवेदन करने की सूचना अंकित है किन्तु इस संबंध में समर्पित आवेदन की प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न कर नहीं किया गया है।

5. प्रस्ताव के साथ वनाधिकार अधिनियम, 2006 के तहत् प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं है। साथ ही ग्राम सभा की कार्यवाही की प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न नहीं है।

6. प्रस्ताव के साथ समर्पित Land Schedule में थाना एवं थाना संख्या अंकित नहीं है।

7. प्रस्ताव के साथ समर्पित CA Land Suitability Certificate विहित प्रपत्र में नहीं है।

8. प्रस्ताव के साथ समर्पित क्षतिपूरक प्रस्ताव में निम्नलिखित स्थलवार त्रुटियाँ पायी गई निम्नवत् अंकित है :–

| क्र0 सं0 | स्थल का नाम | CA हेतु प्रस्तावित रकवा (हे0 में) | त्रुटियाँ |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | बनकटिया | 5.00 | प्रस्तावित क्षेत्र Canal के कुछ भाग मे है। यह कई Patches मे बटाँ हुआ है, तथा वनो का घनत्व अधिक प्रतीत हो रहा है। |
| 2 | चिरूगोरा | 10.00 | प्रस्तावित क्षेत्र नदी के कुछ भाग में है। CA Patches प्लॉटवार कई भागों में विभाजित है। |
| 3 | चोरायगोरा | 20.00 | प्रस्तावित क्षेत्र Canal के कुछ भाग में है। यह Patch प्लॉटवार कई Segments मे विभाजित है। |
| 4 | दुधियासोल | 18.00 | वृक्षारोपण हेतु पर्याप्त खाली जगह प्रतीत नहीं हो रहा है। |
| 5 | मुराकटी | 25.00 | प्लॉटवार कई Segments मे विभाजित है। प्लॉट सं0 390 मे Residential Area देखा जा सकता है। |
| 6 | नदरिया | 1.00 | प्रस्तावित क्षेत्र के अन्दर तालाब पाया गया है। |
| 7 | पोकलाबेरा | 50.00 | प्लॉटवार कई Segments में विभाजित है। |
| 8 | रेरूआ | 10.00 | प्रस्तावित क्षेत्र के अन्दर प्लॉट सं0 519 में Residential area दिखाई पड़ रहा है। |
| 9 | मुराथाकुरा | 35.00 | प्रस्तावित क्षेत्र Canal के बीच से पास होता दिखाई पड़ रहा है। साथ ही प्लॉट सं0 441 एवं 736 में residential area दिखाई पड रहा है। Patch प्लॉटवार कई Segments में विभाजित है। |
| 10 | सरारूबेरा | 19.00 | प्रस्तावित CA क्षेत्र झारखण्ड राज्य के सीमा से करीब 200m बाहर West Bengal में दिखाई पड रहा है, तथा Forest Crop कई स्थानों पर काफी dense प्रतीत होता है। |

उपरोक्त CA sites के संदर्भ में सभी findings प्रस्ताव के साथ समर्पित KML file (Soft copy) के Google Earth पर देखने के बाद पाया गया है।

अतः प्राप्त प्रस्ताव इस पत्र के साथ संलग्न कर वापस करते हुए अनुरोध है कि उपरोक्त इंगित सभी त्रुटियों का निराकरण कर संशोधित प्रस्ताव ऑनलाईन एवं Hard Copy छः–छः प्रतियों में समर्पित करने का कष्ट करें ताकि प्रस्ताव पर अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

अनु० पार्षद

विश्वासभाजन,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

E:\ANUJ\Ashish\Dhalbhum Airport\Correspondence to JSR,CF.doc

# कार्यालय : वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, जमशेदपुर।

ज्ञापांक : E-03/2018- 527 दिनांक : 15.06.2020

प्रतिलिपिः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर को प्रस्ताव की चार प्रतियॉ मूल रूप में वापस करते हुए सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रॉची द्वारा इंगित सभी त्रुटियों का निराकरण कर संशोधित प्रस्ताव ऑनलाईन एवं हॉर्ड कॉपी आठ–आठ प्रतियों में समर्पित करें, ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

15/6/20
वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, जमशेदपुर।
15/06/2020

कार्यालय वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल
संख्या 2064
दिनांक 17-06-2020